Amar Ujala Dt: 26/11/2026

छात्रवृत्ति के आवेदन और नवीनीकरण की अंतिम तिथि 30 नवंबर तक

धर्मशाला। शिक्षा मंत्रालय की पीएम-यूएसपी छात्रवृत्ति योजना के तहत मेधावी विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन आवेदन और नवीनीकरण की प्रक्रिया जारी है। इसके लिए अंतिम तिथि 30 नवंबर निर्धारित की गई है।

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मार्च 2026 में आयोजित परीक्षा में निर्धारित कटऑफ अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी छात्रवृत्ति के लिए आवेदन कर सकते हैं।

इसके तहत सामान्य (जनरल) वर्ग के लिए 423, अनुसूचित जाति (एससी) के लिए 410, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए 416, अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए 414 और दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए 399 या इससे अधिक अंक निर्धारित किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2025, 2024, 2023 और 2022 के लिए जारी छात्रवृत्तियों के नवीनीकरण के लिए भी 30 नवंबर तक आवेदन करना अनिवार्य है। उन्होंने पात्र विद्यार्थियों से समयसीमा के भीतर प्रक्रिया पूरी करने की अपील की है।

छात्रवृत्ति आवेदन का लिंक बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए दूरभाष नंबर 01892-242139 पर संपर्क किया जा सकता है। संवाद

पंजाब केसरी
THU,26 NOVEMBER 2026
EDITION: KANGRA KESARI, PAGE NO. 2

छात्रवृत्ति आवेदन व नवीनीकरण की अंतिम तिथि 30 नवम्बर

धर्मशाला, 25 नवम्बर (सुनील): हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने कालेज और विश्वविद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को दी जाने वाली केंद्रीय छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन और नवीनीकरण की अंतिम तिथि 30 नवम्बर तय की है।

भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय की पी.एम.-यू.एस.पी. योजना के तहत मार्च 2026 की बोर्ड परीक्षा में निर्धारित कटऑफ अंक हासिल करने वाले विद्यार्थी आवेदन के पात्र होंगे।

इस योजना के तहत सामान्य वर्ग के लिए 423, ओ.बी.सी. के लिए 416, एस.टी. के लिए 414, एस.सी. के लिए 410 और दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए 399 या इससे अधिक अंक अनिवार्य किए गए हैं। इसके अलावा शैक्षणिक सत्र 2022, 2023, 2024 और 2025 के विद्यार्थी भी निर्धारित तिथि तक अपनी छात्रवृत्ति का नवीनीकरण करवा सकते हैं। छात्रवृत्ति का विस्तृत विवरण और आवेदन प्रक्रिया नैशनल स्कॉलरशिप पोर्टल की वैबसाइट पर उपलब्ध है।

पात्र मेधावी विद्यार्थी निर्धारित समयावधि यानी 30 नवम्बर तक अपना ऑनलाइन आवेदन और छात्रवृत्ति का नवीनीकरण हर हाल में सुनिश्चित कर लें, ताकि उन्हें योजना का लाभ मिलने में कोई असुविधा न हो। - डॉ. राजेश शर्मा, अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड

Dainik Jagran Dt: 26/11/2026

छात्रवृत्ति आवेदन व नवीनीकरण की अंतिम तिथि 30 नवंबर

जागरण संवाददाता, धर्मशाला : मेधावी विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से भारत सरकार की पीएम-यूएसपी (सेंट्रल सेक्टर स्कीम आफ स्कालरशिप फार कालेज एंड यूनिवर्सिटी स्टूडेंट्स) योजना के तहत छात्रवृत्ति के लिए आनलाइन आवेदन और नवीनीकरण की प्रक्रिया जारी है। इसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 नवंबर, 2026 निर्धारित की गई है। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने पात्र विद्यार्थियों से निर्धारित समय सीमा के भीतर आवेदन प्रक्रिया पूरी करने की अपील की है।

डा. राजेश शर्मा ने बताया कि मार्च 2026 में आयोजित परीक्षा में निर्धारित कटआफ अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थी इस छात्रवृत्ति के लिए आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों के लिए 423, अनुसूचित जाति के लिए 410, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 416 और अनुसूचित जनजाति के लिए 414 अंक निर्धारित किए गए हैं। वहीं, दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए कटआफ 399 अंक रखा गया है।

उन्होंने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2025, 2024, 2023 और 2022 के लिए पहले से जारी छात्रवृत्ति के नवीनीकरण (रिन्यूअल) के लिए भी 30 नवंबर तक आनलाइन आवेदन करना होगा। पात्र विद्यार्थी अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना समय रहते आवेदन और नवीनीकरण की प्रक्रिया पूरी कर लें।

पीएम-यूएसपी योजना के तहत आवेदन का मौका, मार्च 2026 की परीक्षा के निर्धारित कटआफ अंक पाने वाले विद्यार्थी कर सकेंगे आवेदन

नेशनल स्कालरशिप पोर्टल पर मिलेगी जानकारी

छात्रवृत्ति योजना का विस्तृत विवरण भारत सरकार के नेशनल स्कालरशिप पोर्टल वेबसाइट पर उपलब्ध है। इसके अलावा आवेदन से संबंधित लिंक हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट के तहत एलाइड साइट में क्रमांक नौ पर दिया गया है।

Himachal Dastak
Dt.26-11-2026

छात्रवृत्ति के लिए आवेदन और नवीनीकरण 30 नवंबर तक

धर्मशाला। भारत सरकार की पीएम-यूएसपी छात्रवृत्ति योजना के तहत मेधावी विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन आवेदन और छात्रवृत्ति नवीनीकरण की अंतिम तिथि 30 नवंबर निर्धारित की गई है। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि मार्च 2026 में आयोजित परीक्षा में निर्धारित कटऑफ अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी छात्रवृत्ति के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि सामान्य वर्ग के लिए 423, अनुसूचित जाति के लिए 410, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 416, अनुसूचित जनजाति के लिए 414 और दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए 399 या इससे अधिक अंक कटऑफ निर्धारित किए गए हैं।

Devbhoomi Mirror Dt: 26/11/2026

छात्रवृत्ति आवेदन एवं नवीनीकरण की अंतिम तिथि 30 नवंबर

देवभूमि मिरर/कागडा

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा PM-USP योजना (Central Sector Scheme of Scholarship for College and University Students) के अंतर्गत मेधावी विद्यार्थियों को प्रदान की जाने वाली छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन एवं नवीनीकरण की प्रक्रिया जारी है। इस छात्रवृत्ति योजना का विस्तृत विवरण National Scholarship Portal की वेबसाइट 222.scholarships.gov.in पर उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि मार्च 2026 में आयोजित परीक्षा में निर्धारित कटऑफ अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थी, जिनके कुल अंक सामान्य वर्ग (Gen.) के लिए 423, अनुसूचित जाति (SC) के लिए 410, अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) के लिए 416, अनुसूचित जनजाति (ST) के लिए 414 तथा दिव्यांग (Disable) विद्यार्थियों के लिए 399 या इससे अधिक हैं, वे छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। डॉ. शर्मा ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2025, 2024, 2023 एवं 2022 के लिए जारी छात्रवृत्तियों के नवीनीकरण (Renewal) हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 नवंबर, 2026 निर्धारित की गई है। पात्र विद्यार्थी निर्धारित समयावधि के भीतर अपना आवेदन एवं नवीनीकरण सुनिश्चित करें।